**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, वाराणसी संभाग**

**संकलित परीक्षा -2 (SA-2)**

**सत्र - 2015-2016**

**कक्षा - IX**

**हिन्दी (अ)**

**समय-3 घण्टे 30 मिनट** **अंक : 90**

**निर्देश :**

1- **इस प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड हैं क, ख, ग, घ।**

2- **सभी खण्ड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।**

3- **यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिये ।**

## (खण्ड क)

**प्रश्न-*1* निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के लिए सही उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए- [1x5=5]**

मधुरभाषी के लिए संसार की कोई वस्तु अलभ्य नहीं है। वह समय पर शासन करता है, परिस्थितियों को अनुकूल मोड़ देता है आस-पास के वातावरण को सहज खुशनुमा बना देता हैं । मधुर वचन ऐसा वशीकरण मंत्र है जिससे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं । कटुभाषी सर्वदा निंदा का पात्र बनता है । कभी किसी को अपना नहीं बना पाता। एक दुखी और निराश व्यक्ति पर मधुर वचनों का जादुई असर होता है। मीठे बोल हताशा को दूर कर नव प्रेरणा प्रदान करते है। कबीर ने तो मीठी वाणी को न केवल स्वयं को अपितु दूसरों को शीतल करने वाली माना है। मीठी बोली सामने वाले पर जादू का असर करती है। बड़े-बड़े विवाद मधुर वचनों से टाले जा सकते है तो दूसरी ओर कडवे बोल विवाद की जड़ भी बन सकता है। विनम्रता और मधुर वचन चरित्र के ऐसे आवश्यक गुण हैं जो मनुष्य के व्यक्तित्व को अदभुत सौम्यता, आकर्षण, कोमलता और विशेषता प्रदान करते हैं ।

*(i)* **संसार की कोई भी वस्तु प्राप्त की जा सकती है-**

(क) कटु भाषा से (ख) मधुर भाषा से

(ग) सत्य भाषा से (घ) मिथ्या भाषा से

*(ii)* **कबीर जी ने मधुर वचन को 'औरों को शीतल करै' कहा है, क्योंकि -**

(क) मधुर वचन औरों के ताप को हर लेता है (ख) मधुर वचन से क्रोध भड़कता हैं

(ग) मधुर वचन से साहस प्राप्त होता हैं (घ) मधुर वचन से श्रद्धा पैदा होती हैं

*(iii)* **मधुर वचनों का जादुई असर किस पर होता हैं ?**

(क) दुखी और निराश व्यक्ति पर (ख) निराश और हताश व्यक्ति पर

(ग) आहत और हताश व्यक्ति पर | (घ) निराश और आहत व्यक्ति पर

***(iv)*** **'सौम्यता' शब्द में कौन-सा प्रत्यय हैं ?**

(क) अता | (ख) अम्यता

(ग) ता | (घ) यता

***(v)*** **उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हैं -**

(क) मधुरभाषी लोग | (ख) मधुर वचन

(ग) मधुरता | (घ) मधुर वचन का दुष्प्रभाव

**प्रश्न-2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए-** **[1x5=5]**

*कुछ भी बन, बस कायर मत बन*
*ठोकर मार, पटक मत माथा*
*तेरी राह रोकते पाहन*
*कुछ भी बन, बस कायर मत बन*
*ले-देकर जीना, क्या जीना ?*
*कब तक गम के आँसू पीना ?*
*मानवता ने तुझको सींचा*
*बहा युगों तक खून-पसीना ।*
*कुछ न करेगा? किया करेगा -*
*रे मनुष्य-बस कातर क्रंदन?*
*अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,*
*कर न दुष्ट को आत्म-समर्पण*
*कुछ भी बन, बस कायर मत बन।*

***(i)*** **कवि क्या करने की प्रेरणा दे रहा हैं-**

(क) गम के आँसू पीने की | (ख) आत्म-समर्पण की

(ग) रूकावटों को ठोकर न मारने की | (घ) कायर न बनने की

***(ii)*** **कवि के अनुसार किस प्रकार का जीवन व्यर्थ हैं ?**

(क) कुछ भी बनकर जीना | (ख) खून-पसीना बहाकर

(ग) समझौतावादी | (घ) मनुष्य को सर्वस्व अर्पित करके

***(iii)*** **'कायर' से क्या तात्पर्य हैं -**

(क) डरपोक (ख) व्यापारी

(ग) कातर (घ) दुष्ट

***(iv)*** **'पाहन' शब्द का पर्यायवाची है -**

(क) पाहुना (ख) पैर

(ग) पर्वत (घ) पत्थर

***(v)*** **'कुछ भी बन, बस कायर मत बन' - कवि ने क्यों कहा है ?**

(क) कुछ भी बनना कठिन हैं (ख) कुछ भी बनना बहुत आसान है

(ग) कायर मनुष्य अच्छा नहीं होता (घ) कायर मनुष्य का जीवन व्यर्थ होता हैं

## खण्ड ख

प्र०3 - निर्देशानुसार उत्तर दीजिये। 4

(क) 'पराक्रम' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग कीजिये ।

(ख) 'औ' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाएँ ।

(ग) 'औना' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाएँ ।

(घ) कर्जदार शब्द में लगे प्रत्यय और मूल शब्द को अलग कीजिये ।

प्र०4 - निर्देशानुसार उत्तर दीजिये। 3

(क) जिस समास में प्रथम पद पर अव्यय होता है और वह पद अव्यय भी हो उसमें समास होता है ।

(ख) निम्न समास विग्रह को समस्त पद में बदलिये और समास भी बताइए -

नरो में सिंह के समान

(ग) 'राजा - रंक'का समास विग्रह कीजिए ।

प्र०5 - निर्देशानुसार उत्तर दीजिये। 4

(क) जिस वाक्य में आज्ञा या उपदेश देने की बात की गई हो ऐसे वाक्य को क्या कहा जाता है ?

(ख) अर्थ के आधार पर निम्न वाक्य का भेद बताएँ ।

'यदि तुम वाराणसी जाओगे तो मैं भी चलूँगा । '

(ग) वह कौन है ? वाक्य का भेद बताइए।

(घ) अहा ! कैसा सुन्दर दृश्य है ? वाक्य बताइए ।

प्र०6 -(क) यदि काव्य की पंक्तियो में उपमेय मे उपमान की संभावना व्यक्त हो तो कौन सा अलंकार होता है ? 1

(ख) 'विपति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत'

इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ? 1

(ग)'निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है । '

पंक्ति में निहित अलंकार बताइए । 1

(घ ) 'मंगन को देखि पट देत बार - बार' इस पंक्ति में श्लेष अलंकार है । यह बताइए कि पट शब्द का यहाँ पर कौन कौन सा अर्थ निकलता है । 1

## (खण्ड ग)

प्र०7 -निम्नलिखित गद्यांश को पढकर आधारित प्रश्नोंके उत्तर दीजिए

उस समय लंदन के सुप्रसिद्ध "टाइम्स" पत्र में छठी सितंबर को यह एक लेख में लिखा गया - "बड़े दु:ख का विषय है कि भारत - सरकार आज तक उस दुर्दान्त नाना साहब को नहीं पकड़ सकी, जिस पर समस्त अंग्रेज़ जाति का भीषण क्रोध है । जब तक हम लोगों के शरीर में रक्त रहेगा, तब तक कानपुर में अंग्रजों के हत्याकाण्ड का बदला लेना हम लोग न भूलेंगे । उस दिन पार्लिमेण्ट की 'हाउस ऑफ लार्ड्स' सभा में सर टामस 'हे' की एक रिपोर्ट पर बड़ी हँसी हुई ,जिसमें सर 'हे' ने नाना की कन्या पर दया दिखाने की बात लिखी थी । 'हे' के लिए निश्चय ही यह कलंक की बात है - जिस नाना ने अंग्रेज नर - नारियों का संहार किया , उसकी कन्या के लिए क्षमा ! अपना सारा जीवन युद्ध में बिता कर अन्त में वृद्धावस्था में सर टामस 'हे' एक मामूली महाराष्ट्र बालिका के सौन्दर्य पर मोहित होकर अपना कर्त्तव्य ही भूल गये ! हमारे मत से नाना के पुत्र , कन्या तथा अन्य कोई भी सम्बन्धी जहाँ कहीं मिले , मार डाला जाये । नाना की जिस कन्या से 'हे' का प्रेमालाप हुआ है , उसको उन्हीं के सामने फाँसी पर लटका देना चाहिए। "

(क) 'टाइम्स' पत्र ने 6 सितम्बर के पत्र में किस बात पर दु:ख व्यक्त किया था ? 2

(ख) 'हाउस ऑफ लार्ड्स'की सभा में सर टामस 'हे'और नाना साहब की पुत्री मैना के बीच सम्बंध को दिया जाने वाला रूप अनुचित कैसे था ? 2

(ग) 'प्रेमालाप' शब्द का सन्धि विच्छेद कीजिये । 1

अथवा

जब मै इस कविता को पढ़ता हूँ तो उस मैना की करुण मूर्ति अत्यंत साफ होकर सामने आ जाती है। कैसे मैंने उसे देखकर भी नहीं देखा और किस प्रकार कवि की आँखें उस बिचारी के मर्मस्थल तक पहुँच गयी , सोचता हूँ तो हैरान हो जाता हूँ । एक दिन वह मैना उड़ गई । सायंकाल कवि ने उसे नहीं देखा । जब वह अकेले जाया करती है उस डाल के कोने में , जब झींगुर अंधकार में झनकारता रहता है , जब हवा में बाँस के पत्ते झरझराते रहते है , पेड़ों की फाँक से पुकारा करता है नींद तोड़ने वाला संध्यातारा ! कितना करुण है उसका गायब हो जाना ।

(क) लेखक मैना को लक्ष्य करके लिखी गई कविता को पढ़ने के बाद क्या सोचता है ? 2

(ख) पक्षियों का गायब हो जाना हमारे लिए किस प्रकार करुण हो सकता है ? 2

(ग) गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए ? 1

प्र०8 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 10

(क) बालिका मैना के चरित्र की कौन कौन सी विशेषताएँ एक बालिका में होनी चाहिए और क्यों ?

(ख) लेखक हरिशंकर परसाई ने प्रेमचन्द्र को साहित्यक पुरखा क्यों कहा है ? इस पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देना चाहा है ?

(ग) "सभी नदियाँ पहाड़ थोड़े फोड़ती है कोई रास्ता बदल कर घूमकर भी चली जाती है ।" इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(घ) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपने बचपन की कहानी में जवारा के नवाब साहब के साथ पारिवारिक रिश्तों की गर्मजोशी का बखान किया है । आज के संदर्भ में यह कहानी किस प्रकार प्रासंगिक है ?

(ङ) गुरुदेव शान्तिनिकेतन से श्री निकेतन क्यों चले गए थे ?

प्र०9 -निम्नलिखित काव्यांश को पढकर आधारित प्रश्नोंके उत्तर दीजिए - 5

ऊँची काली दीवारों के घेरे में ,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में ,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना ,
मरने भी देते नहीं तड़प रह जाना !
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है ,

शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है ?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली ,
इस समय कालिमामयी जगी क्यों आली ?

क्यों हूक पड़ी ?
वेदना बोझ वाली-सी;
कोकिल बोलो तो!
क्या लूटा ?

(क) अंग्रेज अधिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ क्या-क्या अत्याचार करते थे ? 2

(ख) अंग्रेज़ो के शासन की तुलना कवि किससे कर रहा था और क्यों ? 2

(ग) कवि ने चंद्रमा को निराश करके चले जाने वाला क्यों कहा है ? 1

अथवा

बच्चे काम पर जा रहे है
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे है बच्चे ?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदे
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए है सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई है
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए है एकाएक ।

(क) बच्चों का काम पर जाना वर्तमान समय के लिए किस प्रकार भयानक बात हो सकती है / 2

(ख) कवि बच्चों के काम पर जाने के लिए किन कारणो की संभावना व्यक्त करता है ? 2

(ग) मदरसों की इमारते किससे ढह गई है ? 1

प्र०10 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 10

(क) सरसों को सयानी कहकर कवि क्या कहना चाहता है | मेघ आए पाठ के आधार पर लिखिए |

(ख) 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखिए कि आज हर दिशा दक्षिण दिशा क्यों हो रही है ?

(ग) मेघ आए कविता में लता को अपने पति मेघ के प्रति यह भ्रम हो गया था कि वह उससे प्रेम नहीं करता है ? बिना किसी कारण भ्रम पालने का क्या परिणाम हो सकता है ?

(घ) बगुला ध्यान क्यों लगाता है ? बगुला की ध्यान निद्रा से क्या भाव प्रकट होता है ?'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर बताइए ।

(ङ) माँ ने कवि को बचपन में ही दक्षिण दिशा की तरफ पैर करके न सोने के लिए यमराज का भय दिखाया था । ऐसे और कौन-कौन से काम होते है जिनको न करने के लिए परिवार के लोग ईश्वर आदि का भय दिखाते है ? यमराज की दिशा पाठ को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखिए ।

प्र०11 - गोपाल प्रसाद विवाह को बिजनेस मानते है क्या विवाह को बिजनेस मानते हुए दहेज के लिए मोल-भाव करना उचित है ? दहेज के क्या - क्या दुष्परिणाम हो सकते है ? 5

अथवा

प्राकृतिक आपदाओ या सरकार की बड़ी योजनाओं के करण गरीब आदमी सबसे ज्यादा प्रभावित होता है वह भोजन, आवास, वस्त्र सब चीजों के लिए परेशान होता है । इन बेसहारा गरीब जन की सहायता हम कैसे कर सकते है ?

**(खण्ड घ)**

प्र०12 - अपने विद्यालय में आयोजित खेल दिवस पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए । 5

अथवा

पॉलीथीन के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता हेतु आयोजित किसी कार्यक्रम का प्रतिवेदन तैयार कीजिए ।

प्र०13 -शहर में नित प्रति हो रही छिनैती (महिलाओं की चेन आदि खींच लेना ) की घटनाओं पर चिन्ता जताते हुए पुलिस उपाधीक्षक को पत्र लिखिए । 5

अथवा

परिश्रम के महत्त्व को बताते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए ।

प्र०14 - किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओ के आधार पर पत्र लिखिए - 10

**(क) इंटरनेट कितना लाभकारी ।**

- इंटरनेट : एक सुविधा
- इंटरनेट : आज की आवश्यकता
- इंटरनेट का दुरपयोग
- सावधानियाँ
- निष्कर्ष

**(ख) हमारा प्यारा देश ।**

(क) प्राकृतिक भौगोलिक स्थिति

(ख) भारत की महान संस्कृति

(ग) महापुरुषों का योगदान

(घ) वर्तमान की समस्या : असहिष्णुता

(ङ) हमारा प्रयास

प्र०15 - मुक्त पाठ आधारित मूल्यांकन (ओ.टी.बी.ए) के थीम - 2 (महिला सशक्तिकरण) पर आधारित निम्न प्रश्नो के उत्तर दीजिए - 10

(क) 'महिला सशक्तिकरण एक ऐसी भावना है जो महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाती है ।इस कथन को स्पष्ट करते हुए अपने विचार लिखिए । 5

(ख) "भूमंडलीकरण के इस दौर में भी हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति अत्यंत शोचनीय है " इस कथन के सम्बन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए लिखें कि व्यक्ति, समाज और शासन स्तर पर महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु क्या प्रयास हो सकता है ? 5

=================